आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 27.04.2025

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों से विचार साझा करेंगे।
- प्रदेश में गलत अभिलेखों के आधार पर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
- केंद्र सरकार ने सभी मीडिया चैनलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आतंकवाद विरोधी अभियानों का सीधा प्रसारण नहीं करने का परामर्श जारी किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के दायित्वधारियों से राज्य के समग्र विकास के लिये सरकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 121वीं कड़ी होगी।

आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद मन की बात कार्यक्रम क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसारित होगा।

कार्रवाई

प्रदेश में गलत अभिलेखों के आधार पर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री आवास में उच्चाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने राज्य में सत्यापन अभियान में तेजी लाने और किरायेदारों का सत्यापन न करने वालों पर जुर्माना लगाने को भी कहा।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों का चिन्हीकरण कर उन्हें तत्काल प्रभाव से वापस भेजने के निर्देश भी दिये।

हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर उन्होंने चारधाम यात्रा मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने को कहा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि यात्रा मार्ग पर संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर उसे तुरंत हिरासत में लिया जाए और आम जनता को इस संबंध में जागरूक किया जाए। साथ ही संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर भी जारी करने के को कहा गया।

मुलाकात / चर्चा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुख्यमंत्री आवास में जम्मू–कश्मीर के कैबिनेट मंत्री सतीश शर्मा ने मुलाकात की। बैठक में उत्तराखंड में पढ़ रहे जम्मू–कश्मीर के विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर चर्चा हुई।

श्री धामी ने सतीश शर्मा को आश्वस्त किया कि राज्य में अध्ययनरत सभी छात्र पूरी तरह सुरक्षित हैं और सरकार हर स्तर पर उनके सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने उत्तराखंड और जम्मू–कश्मीर के बीच समन्वय को और मजबूत करने को लेकर भी विचार विमर्श किया।

तैयारियां

उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष विनय कुमार रुहेला ने चारधाम यात्रा और आगामी मानसून सीजन की तैयारियों को लेकर सभी जिलों के साथ ऑनलाइन बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की छोटी से छोटी सुविधाओं का ध्यान रखा जाए और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

श्री रुहेला ने कहा कि चारधाम यात्रा और पर्यटन सीजन एक साथ शुरू हो रहे हैं, ऐसे में आपदा प्रबंधन की दृष्टि से सतर्कता बेहद जरूरी है। उन्होंने भूस्खलन संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां साइनेज लगाने और चौबीसों घंटे मलबा हटाने वाली मशीनें तैनात रखने के निर्देश दिए। साथ ही सड़कों को गड्ढामुक्त करने का काम भी जल्द शुरू करने को कहा।

बैठक में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्रशासन, आनंद स्वरूप ने कहा कि जिला आपातकालीन परिचालन केंद्रों में स्टाफ की कमी समय रहते पूरी की जाए और सेटेलाइट फोन केवल जरूरत वाले स्थानों पर ही रखे जाएं।

सूर्या ड्रोन टैक– 2025

भारतीय सेना की मध्य कमान और सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स के सहयोग से आगामी 29 से 30 अप्रैल तक देहरादून कैंट के जसवंत ग्राउंड, में सूर्य ड्रोन टैक– 2025 का आयोजन किया जा रहा है।

यह दो दिवसीय एक्सपो विभिन्न रक्षा उपयोगों के लिए उपयुक्त स्वदेशी ड्रोन प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करेगा, जो "आत्मनिर्भर भारत" पहल के अनुरूप है।

परामर्श जारी

केंद्र सरकार ने सभी मीडिया चैनलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आतंकवाद विरोधी अभियानों का सीधा प्रसारण नहीं करने का परामर्श जारी किया है।

संवाद

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के दायित्वधारियों से राज्य के समग्र विकास के लिये मिलकर काम करने और सरकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में प्रदेश के दायित्वधारियों से संवाद में श्री धामी ने दायित्वधारियों से अपने कार्यक्षेत्र का नियमित अनुश्रवण करने और क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान योजनाओं का फीडबैक लेने को कहा।

संवाद के दौरान सभी पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभागीय बैठकों और योजनाओं के प्रचार–प्रसार पर जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने दायित्वाधारियों से जन आकांक्षाओं के अनुरूप अपने कार्य क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और समाज के कमजोर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के विशेष प्रयास करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने दायित्वधारियों को विभागीय मंत्री और मुख्यमंत्री कार्यालय को अपने कार्यों और नवाचारों की प्रगति रिपोर्ट देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि दायित्वधारियों को विभागीय बैठकों में भी शामिल किया जाएगा।

निरीक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर कुंभ 2027 की तैयारियों में तेजी लाई जा रही है। इसी क्रम में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं सिंचाई सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने हरिद्वार और ऋषिकेश क्षेत्रों में विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने घाटों, सड़कों, पुलों और निर्माण कार्यों की प्रगति का जायज़ा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। डॉ. कुमार ने सभी कार्य उच्च गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरे करने के निर्देश दिये और लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान मौजूद अभियंताओं ने कुछ योजनाओं के क्रियान्वयन में समय लगने की जानकारी दी, जिस पर सचिव ने निर्देश दिया कि महत्वपूर्ण परियोजनाओं के प्रस्ताव जल्द तैयार कर इस वर्ष के भीतर प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्राप्त की जाए।

डॉ. कुमार ने खड़खड़ी क्षेत्र में नए पुल और धनौरी–सिडकुल रोड पर पुराने पुल के स्थान पर नए पुल निर्माण की प्रक्रिया तेज करने के भी निर्देश दिए। साथ ही सिंचाई विभाग के तहत 26 किलोमीटर सड़कों के निर्माण और मरम्मत कार्य को जल्द पूरा करने को कहा।

एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर–

पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से की जा रही कार्रवाई सभी समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई है। आतंक के समूल नाश के लिये चौतरफा वार। इस शीर्षक के साथ दैनिक जागरण की ख़बर है– पहलगाम नरसंहार के बाद बड़ा प्रहार : सुरक्षाबलों ने चौबीस घंटे में दस आतंकियों के मकान विस्फोट से गिराए। इसी ख़बर पर अमर उजाला लिखता है– जम्मू कश्मीर में सक्रिय चौदह स्थानीय आतंकियों की सूची तैयार।

एक अन्य ख़बर में, अमर उजाला ने मुख्यमंत्री के एक बयान को शीर्षक बनाते हुये लिखा है– चारधाम यात्रा मार्ग पर संदिग्ध दिखे तो हिरासत में लें। समाचार पत्र के अनुसार पहलगाम आतंकी हमले को देखते हुये चारधाम मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था को अधिक मजबूत बनाने के निर्देश दिये गये हैं।

जीबी पंत इंजीनियरिंग कॉलेज, घुड़दौड़ी में वर्ष 2009 के बाद हुई सभी नियुक्तियों और पदोन्नतियों की जांच होगी। दैनिक जागरण समाचार पत्र के अनुसार जांच के लिये एसआईटी का पुनगर्ठन होगा और पहले से शामिल सम्मिलित सदस्यों में बदलाव किया जाएगा।

पानी की लाइन तोड़ने पर ऊर्जा निगम को चार लाख का नोटिस। इस शीर्षक के साथ हिंदुस्तान समाचार पत्र लिखता है– देहरादून में सुभाषनगर, जीएमएस रोड और टर्नर रोड पर पाइपलाइन टूटने से जल संकट, दून में बिछाई जा रही बिजली और गैस पाइपलाइन।